## महत्वपूर्ण एवं खास

### 40 वां चक्रधर समारोह 2025 : टेन्ट-पण्डाल, लाईट एवं साउण्ड सिस्टम के संबंध में समिति गठित

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष मयंक चतुर्वेदी ने 40 वां चक्रधर समारोह 2025 के सफल आयोजन के लिए टेन्ट-पण्डाल, लाईट एवं साउण्ड सिस्टम के संबंध में समिति का गठन किया है। गठित समिति में अतिरिक्त कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय, डिप्टी कलेक्टर प्रवीण कुमार भगत, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी नाजरात शाखा रेखा चन्द्रा, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ज्योति सिंह, कार्यपालन अधिकारी लो.नि.वि.(भ./स.)रायगढ़ अमित कश्यप, छ.ग.रा.वि.वि.क.मर्या.रायगढ़ रामकुमार राव तथा लो.नि.वि.(वि./यां.)श्री नारायण सिंह को सदस्य बनाया गया है। उक्त समिति टेन्ट-पण्डाल, लाईट एवं साउण्ड सिस्टम के संबंध में अपना सुझाव देगी तथा अंतिम निर्णय अध्यक्ष आयोजन समिति चक्रधर समारोह-2025 का होगा।

### आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर 23 जून तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण अंतर्गत सेक्टर किरोड़ीमल नगर अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र कछार क्रमांक 1 ग्राम पंचायत कछार में रिक्त सहायिका के 01 पद की पूर्ति हेतु 9 जून से 23 जून 2025 तक आवेदन मंगाए गए है। आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति से संबंधित निर्देश व नियम शर्तो के संबंध में परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

### पिकअप पेड़ से टकराई, एक श्रमिक की मौत, तीन घायल

**गरियाबंद (आरएनएस)।** जिले में श्रमिकों को ले जा रही एक पिकअप शुक्रवार को भीषण सडक़ हादसे का शिकार हो गई। नेशनल हाईवे 130सी पर बारूका मोड़ के पास तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पेड़ से जा टकराई। दुर्घटना में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। मिली जानकारी के अनुसार, केबल बिछाने के कार्य में लगे सात श्रमिक पोंड से गरियाबंद की ओर जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। टक्कर के बाद वाहन में सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। राहगीरों की मदद से पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची टीम ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और मामले की जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि प्रशासन की रोक के बावजूद अब भी श्रमिकों को खुले पिकअप वाहनों में ढोया जा रहा है, जो हादसों का कारण बन रहा है। हादसे के बाद एक बार फिर श्रमिकों की परिवहन व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### 46 इंस्पेक्ट बने डीएसपी

**रायपुर (आरएनएस)।** गृह विभाग ने 46 इंस्पेक्टरों को पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के पद पर प्रमोट करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश सोमवार को जारी किया गया। इसके साथ ही सात सहायक सेनानियों की भी पदोन्नति की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, प्रमोशन पाने वाले इंस्पेक्टरों में 1998, 1999 और 2000 बैच के अधिकारी शामिल हैं। नियमों के अनुसार डीएसपी पद के लिए सिर्फ 17 स्वीकृत पद ही उपलब्ध थे, लेकिन बीते 25 वर्षों में केवल एक बार प्रमोशन मिलने की बात को सरकार के सामने रखा गया था। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने सांख्येत्तर प्रमोशन की नीति अपनाते हुए 46 अधिकारियों को डीएसपी रैंक पर पदोन्नत किया है।

# युक्तियुक्तकरण से 21 शिक्षक विहीन और 267 एकल शिक्षकीय स्कूलों को मिले शिक्षक

- युक्तियुक्तकरण से जिले के सभी स्कूलों में हुई शिक्षकों की व्यवस्था- कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी
- कलेक्टर चतुर्वेदी ने प्रेस-कान्फ्रेंस लेकर युक्तियुक्तकरण के संबंध में दी जानकारी

**रायगढ़**

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में रायगढ़ जिले में शिक्षा विभाग अंतर्गत हुए युक्तियुक्तकरण के संबंध में प्रेस-वार्ता ली। उन्होंने कहा कि शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने राज्य शासन द्वारा शिक्षकों एवं शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया गया है। युक्तियुक्तकरण से बच्चों को अच्छी शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं सुविधाएं सुनिश्चित हो पाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप शिक्षकों और शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है।



कलेक्टर चतुर्वेदी ने कहा कि नगरीय इलाकों में विद्यार्थियों के अनुपात में शिक्षकों की संख्या अधिक थी। वहीं दूरस्थ ग्रामीण अंचलों की शालाओं में स्थिति इसके विपरीत थी। जिससे शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित होने के साथ अध्यापन कार्य में असंतुलन की स्थिति बनी हुई थी। जिससे परीक्षा परिणाम भी प्रभावित हो रहे थे। वर्तमान में शिक्षकों एवं शालाओं का युक्तियुक्तकरण होने से एकल एवं शिक्षक विहीन शालाओं को शिक्षक मिले है। जिससे अध्यापन कार्य सुचारू रूप से संचालित हो पाएगा।

कलेक्टर चतुर्वेदी ने बताया कि रायगढ़ जिले में 21 प्राथमिक शालाएं शिक्षक विहीन एवं 267 शालाएं एकल शिक्षकीय थे। वहीं 2 पूर्व माध्यमिक शाला शिक्षकविहीन और 18 एकल शिक्षकीय थे। जिले के प्राथमिक स्कूलों में 702 शिक्षक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में 154 शिक्षकों की आवश्यकता थी, जिसे अतिशेष शिक्षकों के माध्यम से युक्तियुक्तकरण के पश्चात पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि युक्तियुक्तकरण से शिक्षक विहीन विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता के साथ ही एक ही परिसर में विद्यालय होने से आधारभूत संरचना मजबूत होगी और स्थापना व्यय में भी कमी आएगी। जिले में 7 शालाओं का समायोजन किया जा रहा है। 553 विद्यालय 497 विद्यालयों में संविलियन हो जायेंगे। सिर्फ उन्हीं स्कूलों का समायोजन किया जा रहा है, जिनमें छात्रों की संख्या बहुत कम है एवं पास में बेहतर विकल्प मौजूद है। एक ही परिसर में स्थित विद्यालयों को समाहित कर क्लस्टर मॉडल विकसित किया जा रहा है।

कलेक्टर चतुर्वेदी ने बताया कि अतिशेष शिक्षकों का पुन: समायोजन कर एकल शिक्षक शिक्षकीय और शिक्षक विहीन विद्यालयों में पदस्थापना की जा रही है। युक्तियुक्तकरण से लगभग 90 प्रतिशत बच्चों को तीन बार प्रवेश प्रक्रिया से मुक्ति मिलेगी और बच्चों को पढ़ाई में गुणवत्ता के साथ ही निरंतरता भी बनी रहेगी। जिससे बच्चों के ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी और अच्छी बिल्डिंग, लैब, लाईब्रेरी जैसी सुविधाएं एक ही जगह देना आसान होगा।

### युक्तियुक्तकरण से मिले एकल शिक्षकीय एवं शिक्षक विहीन शालाओं को शिक्षक

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने प्रेस-कान्फ्रेंस के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि रायगढ़ जिले में 21 प्राथमिक शाला और 2 माध्यमिक शाला शिक्षक विहीन थे तथा 267 प्राथमिक शालाएं एकल शिक्षकीय, हाईस्कूल छोटेमुड़पार, पामगढ़ विकासखण्ड खरसिया तथा हायर सेकेण्डरी महलोई विकासखण्ड तमनार एवं कन्या हायर सेकेण्डरी खरसिया जिन स्कूलों में विगत कई वर्षो से पद स्वीकृति नहीं होने के कारण शिक्षकों की पदस्थापना नहीं होने से अध्यापन व्यवस्था में कठिनाई हो रही थी। युक्तियुक्तकरण से सभी शिक्षक विहीन, एकल शिक्षकीय शालाओं में शिक्षकों की पूर्ति हुई तथा उक्त 2 हाईस्कूल एवं 2 हायर सेकेण्डरी स्कूलों में शिक्षकों की पूर्ति करते हुए पद संरचना का प्रस्ताव तैयार किया गया है। रायगढ़ जिले में सभी स्कूलों में शिक्षकों की समुचित व्यवस्था हो गई है। अब आगामी शिक्षा सत्र में अध्यापन कार्य सुचारू रूप से संचालित होगी।

## पुरानी रंजिश में जानलेवा हमला, कार से कुचलने का प्रयास करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़**



भूपदेवपुर पुलिस ने ग्राम सेन्द्रीपाली थाना खरसिया निवासी आरोपी चूड़ामणि पटेल को पुलिस ने एक गंभीर जानलेवा हमले के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी पर अपने भाई टीकाराम पटेल के साथ मिलकर युवक गजेन्द्र पटेल को कार से कुचलने की कोशिश करने का आरोप है।

मामला थाना भूपदेवपुर क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 05 जून 2025 का है, जब ग्राम सेन्द्रीपाली निवासी प्रार्थी गजेन्द्र पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गांव के चूड़ामणि पटेल और टीकाराम पटेल से उसकी पुरानी रंजिश चली आ रही है। दो दिन पहले भी विवाद हुआ था और उसी रंजिश के चलते 5 जून के दोपहर गजेन्द्र जब अपने साथियों अनिल कुर्रे, अजय निषाद और पवन निषाद के साथ ब्रेजा कार (क्रमांक CG 13 AQ 0365) से नहरपाली HP पेट्रोल पंप के पास रुका था, तभी आरोपी टीकाराम पटेल अपने भाई चूड़ामणि पटेल को साथ लेकर कार (क्रमांक CG 04 OD 7325) से वहां पहुंचे और जान से मारने की नीयत से गजेन्द्र पर वाहन चढ़ाने का प्रयास किया।

गजेन्द्र ने सामने कूदकर जान बचाई, उसे दाहिने कंधे, हाथ, पसली, कोहनी और बाएं हाथ की उंगलियों में चोटें आईं। यदि वह समय पर बचाव नहीं करता तो उसकी मौके पर ही मृत्यु हो सकती थी।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना भूपदेवपुर में धारा 110, 3(5) BNS के तहत अपराध क्रमांक 68/2025 मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान घटना स्थल का निरीक्षण, गवाहों के बयान और सबूतों के आधार पर चूड़ामणि पटेल और टीकाराम पटेल के विरुद्ध जानलेवा हमला किए जाने की पुष्टि हुई।

आज दिनांक 06 जून 2025 को आरोपी चूड़ामणि पटेल को उसके निवास ग्राम सेन्द्रीपाली से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार किया, जिसके पश्चात् उसे विधिवत गिरफ्तारी की सूचना देते हुए न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस अब सह-आरोपी टीकाराम पटेल की तलाश में जुटी है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष शिखा रविन्द्र गबेल की अध्यक्षता में आयोजित हुई सामान्य सभा की बैठक

- विभागीय योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यों के प्रगति पर हुई समीक्षा
- एन्टी वेनम इंजेक्शन एवं एंटी रेबीज वैक्सीन की रखें स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त व्यवस्था
- मानव पशु द्वंद के पीड़ितों को अविलंब जारी करें मुआवजा राशि

**रायगढ़**



जिला पंचायत अध्यक्ष शिखा रविन्द्र गबेल की अध्यक्षता में 5 जून को जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में सामान्य सभा की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान 3 अतिरिक्त स्थायी समिति के गठन एवं सदस्यों की संख्या का अवधारण करने संकल्प पारित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक सिदार भी उपस्थित रहे।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष गबेल द्वारा अधिकारियों से विभागीय योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यों के प्रगति पर समीक्षा की गई। उन्होंने आगामी बरसात के पूर्व जलाशयों के उन्नयन कार्य हेतु जल संसाधन विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को सभी उप स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एन्टी वेनम इंजेक्शन एवं एंटी रेबीज वैक्सीन की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत अध्यक्ष गबेल ने सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए सभी प्रमुख मार्गों का मरम्मत कार्य प्रमुखता से कराए जाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मानव पशु द्वंद के पीड़ितों को अविलंब मुआवजा राशि प्रदाए किए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला पंचायत सदस्य सुषमा खलखो, गोपाल अग्रवाल, रमेश बेहरा, ब्रजेश गुप्ता, मुरलीधर राठिया, बंशीधर चौधरी, शांता भगत, मुस्कान चौहान, भाग्यवती डोलनारायण नायक, लक्ष्मी जीवन पटेल, सतबाई पटैल, बलदेव कुर्रे, अपर कलेक्टर रवि राही, अतिरिक्ति मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत महेश पटेल सहित अन्य सभी विभागीय जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बकरीद पर्व को लेकर पुलिस कंट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक संपन्न, शांति और समरसता बनाए रखने का लिया गया संकल्प

**रायगढ़**



आगामी 07 जून 2025 को मनाए जाने वाले बकरीद (ईद-उल-अजहा) पर्व के मद्देनज़र शहर में सौहार्द और व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ में किया गया। बैठक में सामाजिक प्रतिनिधियों, पार्षदगणों, मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्धजनों तथा प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही।

बैठक में बकरीद पर्व के अवसर पर ईदगाह में अदा की जाने वाली नमाज के समय, स्थान एवं व्यवस्था को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि शहर के प्रमुख ईदगाहों में सुबह के समय सामूहिक नमाज अदा की जाएगी। इस दौरान साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था, पुलिस बंदोबस्त और आपसी समन्वय को लेकर दोनों पक्षों के बीच सकारात्मक विमर्श हुआ। अधिकारियों द्वारा आश्वस्त किया गया कि पर्व के दौरान समुचित सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे और शहर में यातायात सुचारु बनाए रखने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

बैठक में तहसीलदार शिव कुमार डनसेना, डीएसपी साइबर सेल अनिल विश्वकर्मा, नगर कोतवाल सुखनंदन पटेल, अधिकारी प्रशांत राव आहेर, अमित शुक्ला, नायब तहसीलदार सुरेंद्र प्रताप कश्यप उपस्थित रहे। वहीं जनप्रतिनिधियों में पार्षद सुरेश गोयल, शेख सलीम नियारिया, मोहम्मद आरिफ हुसैन, मोहम्मद शमशीर, मीनू गुप्ता, मोहम्मद वारिस, आफताब, अमरनाथ रात्रे, रामाधार साहू, गोपाल प्रसाद साव, बालकृष्ण चौहान, झसकेतन डेहरी, चित्रसेन सिदार, मोहम्मद नवाब, सुशीला डनसेना, घनश्याम डनसेना, असगर खान, गुलाब खान शामिल रहे।

बैठक का मूल उद्देश्य शांति, सौहार्द और साम्प्रदायिक एकता बनाए रखते हुए पर्व को सफलतापूर्वक संपन्न कराना रहा, जिसमें सभी उपस्थितजनों ने प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

इसी प्रकार थाना छाल एवं थाना कोतरारोड़ पुलिस क्षेत्र में शांति, सौहार्द और समरसता बनाए रखने के उद्देश्य से आज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय प्रतिनिधियों एवं मुस्लिम समुदाय के प्रमुखजनों सहित गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता रही।

## कोतरा रोड पुलिस द्वारा आंगनबाड़ी सहायिकाओं, मितानिन व पुलिस मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित



**रायगढ़**

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं डीएसपी सुशांतो बनर्जी के मार्गदर्शन में कोतरारोड़ पुलिस द्वारा क्षेत्र के जनसहयोगियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा सराहनीय सामाजिक सहयोग देने वाले आंगनबाड़ी सहायिका, मितानिन, कोटवार व पुलिस मित्रों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

पुलिस द्वारा सम्मानित व्यक्तियों में ग्राम बरमुड़ा के पवन सिदार (पुलिस मित्र), ग्राम पतरापाली के मो. फेजान ईराकी (पुलिस मित्र), ग्राम पंझर की आंगनबाड़ी सहायिका जगेश्वरी ठाकुर, ग्राम लिटाईपाली की मितानिन पद्मा बघेल शामिल रहीं। इनके अतिरिक्त विरुराज सहित अन्य सहयोगियों को भी सम्मानित कर पुलिस प्रशासन ने उनके सहयोग की सराहना की।

इस पहल का उद्देश्य सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना तथा समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा पुलिस के कार्य में दिए जा रहे अमूल्य सहयोग को मान्यता देना रहा। कार्यक्रम में कोतरारोड़ पुलिस स्टाफ व आमजन की उपस्थिति सराहनीय रही।

## नक्सलियों की भड़ास, नेशनल हाईवे 63 पर ट्रक को लगाई आग : बीजापुर के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र में कायराना करतूत

**जगदलपुर । आरएनएस**



लगातार शीर्ष नक्सली नेताओं के मारे जाने से नक्सली बौखला उठे हैं। इसी बौखलाहट में वे अब निजी वाहनों पर भड़ास निकाल रहे हैं। बौखलाए नक्सलियों ने बीती रात बस्तर संभाग के बीजापुर जिले में एक ट्रक को आग के हवाले कर दिया। ट्रक महाराष्ट्र का था।

दशकों तक बस्तर को हिंसा की आग में जलाते आए नक्सलियों की कमर अब टूट चुकी है। टॉप लीडर बसव राजू के बाद एक दिन पहले फोर्स से मुठभेड़ में एक और टॉप लीडर एवं सीसी मेंबर नरसिम्हाचलम उर्फ गौतम उर्फ सुधाकर मारा गया। सुधाकर पर एक करोड़ रुपए का ईनाम था। लगातार अपने शीर्ष नेतृत्व के हो रहे सफाये से नक्सली बौखाला उठे हैं। बूझते दीये की फडफ़ड़ाहट की तरह उनकी भी फडफ़ड़ाहट साफ नजर आ रही है। बौखलाए नाकालियों द्वारा बीती रात ट्रक में आजगनी की घटना को अंजाम दिया गया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक 5-6 की संख्या में ग्रामीण वेशभूषा में पहुंचे नक्सलियों ने रात करीब 9 बजे नेशनल हाईवे-63 पर कर्रेमरका और भैरमगढ़ के बीच महाराष्ट्र के एक निजी ट्रक को रोका फिर उस पर पेट्रोल छिडक़ कर आग लगा दी। सूचना मिलने पर पहुंची फोर्स ने नेशनल हाईवे 63 को क्लीयर कराया गया। इस घटना के चलते बीजापुर और जगदलपुर के बीच चलने वाली यात्री बसों के पहिये कुछ देर के लिए थम गए थे। भैरमगढ़, जांगला थानों से पुलिस टीम ने घटना स्थल पहुंच कर आवागमन बहाल किया। सूचना मिलने ही मौके पर सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया है। क्षेत्र में सघन गश्त सर्चिंग जारी है।

## युक्तियुक्तकरण के विरूद्ध, हाईकोर्ट में स्टे मिलने से शिक्षक संगठनों में खुशी की लहर

- 10 को जिले में, 13 को संभाग स्तर पर निकाली जाएगी रैली
- भर्राशाही के चलते सरकार ने 7 विभागों में स्थानांतरण नीति में किया संशोधन
- कर्मचारी संगठनों एवं कांग्रेस ने सरकार को आड़े हाथ लिया

**रायपुर । आरएनएस**



शासन द्वारा शिक्षा गृह व परिवहन सहित अन्य विभागों में स्थानांतरण पर रोक लगाने के आदेश पर विपक्ष और कर्मचारी संगठनों ने सरकार को घेरा है। कर्मचारी संगठनों ने कहा कि युक्तियुक्तकरण में भर्राशाही की जा रही थी, जिसके कारण इस आदेश के विरूद्ध हाईकोर्ट में स्टे मिल गया है। जिससे इस नीति पर प्रश्नचिन्ह लगते जा रहा है।

शिक्षा संघ के साझा संगठन के द्वारा पिछले कई दिनों से युक्ति युक्तकरण के विरूद्ध धरना एवं प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह राजपूत ने बताया कि तृतीय शिक्षक संघ द्वारा युक्तियुक्तकरण के भर्राशाही के विरूद्ध अनेक याचिकाएं हाईकोर्ट में लगाई गई है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक याचिकाकर्ता को 10 दिन के लिए राहत दी है। महासमुंद जिले के एक शिक्षिका कल्याणी ने युक्तियुक्तकरण को लेकर अधिवक्ता अवध त्रिपाठी के माध्यम से एक याचिका दायर की थी। सरकार द्वारा त्रुटिपूर्ण घटना के कारण उनका नाम सूची में डाल दिया गया। शासन की ओर से सुधार किया गया कि दर्ज संख्या में त्रुटि है। शासकीय कर्मचारी अधिकारी संगठन के कमल वर्मा ने कहा कि युक्तियुक्तकरण को लेकर भर्राशाही चल रही थी। जिसके कारण सरकार को अपना आदेश वापस लेना पड़ा। प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भी सरकार पर अनेक गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रियों के द्वारा लूट खसोट की जाएगी।

**सरकार साढ़े तीन लाख कर्मचारी-अधिकारियों के साथ कर रही भेदभाव**

कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ने स्थानांतरण नीति में कर्मचारी के साथ भेदभाव बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, पुलिस, खजिन, वाणिज्य पंजीयन, परिवहन के साढ़े तीन लाख कर्मचारियों को बाहर कर दिया गया है। सरकार अधिकारी-कर्मचारियों के साथ भेदभाव कर रही है।

सरकार द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग से द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि प्रदेश में 14 जून से स्थानांतरण शुरू होगा, जो कि 25 जून तक चलेगा। इसमें विभागीय मंत्रियों की अनुशंसा आवश्यक है। जिले के अंदर स्थानांतरण कलेक्टर द्वारा किया जाएगा। वहीं अंतर जिला स्थानांतरण विभागीय सचिव की अनुशंसा पर किया जाएगा।

सामान्य प्रशासन विभाग ने अपने ओदश में कहा कि गृह, आबकारी, खनिज, परिवहन, वाणिज्य कर स्कूल शिक्षा में शैक्षणिक कार्य में लगे शिक्षकों को स्थानांतरण नहीं होगा। गत दिनों मंत्री परिषद की बैठक में स्थानांतरण 2025 को मंजूरी दी गई थी। उसके पश्चात सरकार द्वारा इस आदेश को बदल दिया गया। शिक्षक संघ के साझा मंच के नेताओं ने कहा कि यह हमारी जीत है, आगे भी हम अपने मुद्दे को लेकर 10 जिले में तथा 13 को संभाग स्तर पर रैली निकालेंगे। संगठनों ने कहा कि हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि युक्तियुक्तकरण के बाद शिक्षकों को दावा आपत्ति पर सुनवाई होना चाहिए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480